This question paper contains 8+4 printed pages]

Roll No. | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **5490**

Unique Paper Code : **241592** **F**

Name of the Paper : **Financial Management**

Name of the Course : **B.Com. (Prog.)**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

Note : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी : इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt *All* questions.

All questions carry equal marks.

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

1. (*a*) "The objective of financial management is shareholder wealth maximization." Comment. 8

"वित्तीय प्रबंध का उद्देश्य, शेयरधारियों के धन का अधिकतमीकरण करना है ।" टिप्पणी कीजिए ।

(*b*) "Financial Management is more than procurement of funds." Discuss. 7

"वित्तीय प्रबंध निधियों को प्राप्त करने से अधिक है ।" विवेचन कीजिए ।

Or

(अथवा)

(*a*) X deposited ₹ 1,50,000 in a fixed deposit account at 8% p.a. compounded Quarterly for 3 years. How much amount he will get on maturity ? 5

X ने ₹ 1,50,000 स्थायी जमा लेखे में 8% प्रतिवर्ष यौगिक तिमाही ब्याज पर 3 साल के लिए जमा कराए । परिपक्वता पर उसे कितनी राशि मिलेगी ?

(*b*) Cash flows and time value of money are important in financial decisions. Comment. 5

रोकड़ प्रवाह और मुद्रा का समय-मूल्य, वित्तीय निर्णयों में महत्वपूर्ण होता है । टिप्पणी कीजिए ।

(*c*) X took an educational loan of ₹ 3,00,000 at 12% p.a. The loan is to be repaid in five equal annual instalments starting from the end of the first year. Calculate the amount of each equal annual instalment. 5

X ने 12% प्रति वर्ष पर ₹ 3,00,000 शिक्षा-ऋण लिया । यह ऋण प्रथम वर्ष की समाप्ति से शुरू करके पाँच बराबर की वार्षिक किश्तों में वापस करना है । प्रत्येक बराबर की वार्षिक किश्त की राशि का परिकलन कीजिए ।

2. A company is considering the replacement of an existing machine. It is faced with two alternatives : 15

(*i*) To buy machine A which is similar to the existing machine.

(*ii*) To buy machine B which is more expensive and has higher capacity.

The cash flows after taxes (in lac of ₹) at the present level of operations are as follows :

Year	**Machine A**	**Machine B**
0	–25	–40
1	—	10
2	5	14
3	20	16
4	14	17
5	14	15

Cost of capital is 10%. Calculate :

(*a*) Net Present Value

(*b*) Profitability index.

Advise the company about the better alternative.

Discount factors at 10% are 0.909, 0.826, 0.751, 0.683, 0.621 for the years 1, 2, 3, 4 and 5 respectively.

एक कंपनी मौजूदा मशीन को प्रतिस्थापित करने पर विचार कर रही है । उसके सामने दो विकल्प हैं :

(*i*) मशीन A को खरीदा जाए जो कि मौजूदा मशीन के समान है ।

(*ii*) मशीन B को खरीदा जाए जो अधिक खर्चीली है और उसकी क्षमता उच्च है ।

प्रचालनों के वर्तमान स्तर, पर कर चुकाने के बाद रोकड़ प्रवाह (लाख ₹ में) इस प्रकार है :

वर्ष	**मशीन A**	**मशीन B**
0	–25	–40
1	—	10
2	5	14
3	20	16
4	14	17
5	14	15

पूँजी की लागत 10% है । परिकलन कीजिए :

(क) निवल वर्तमान मूल्य

(ख) लाभप्रदता सूचकांक

कंपनी को बेहतर विकल्प के बारे में सुझाव दीजिए ।

वर्ष 1, 2, 3, 4 और 5 के लिए डिस्काउंट फैक्टर 10% पर क्रमशः 0.909, 0.826, 0.751, 0.683, 0.621 है ।

Or

(अथवा)

A company is considering the replacement of an existing machine. It is faced with two alternatives either to buy machine A which is similar to the existing machine or to buy machine B which is more expensive and has higher capacity. 15

The Earnings after taxes (in thousands of ₹) at the present level of operations are as follows :

Year	Machine A	Machine B
0	–50	–80
1	—	20
2	10	28
3	40	32
4	28	34
5	18	30

Cost of capital is 10%. Calculate :

(*a*) Net Present Value

(*b*) Profitability index.

Advise the company about the better alternative.

Discount factors at 10% are 0.909, 0.826, 0.751, 0.683, 0.621 for the years 1, 2, 3, 4 and 5 respectively.

एक कंपनी मौजूदा मशीन को प्रतिस्थापित करने पर विचार कर रही है । उसके सामने दो विकल्प हैं, या तो मशीन A को खरीद ले जो कि मौजूदा मशीन की तरह है या मशीन B को खरीदे जो अधिक कीमती है और उसकी क्षमता अधिक है ।

कर चुकाने के बाद आयें (₹ हजार में) प्रक्रमण के वर्तमान स्तर पर इस प्रकार हैं :

वर्ष	**मशीन A**	**मशीन B**
0	–50	–80
1	—	20
2	10	28
3	40	32
4	28	34
5	18	30

पूँजी की लागत 10% है । परिकलन कीजिए :

(*a*) निवल वर्तमान मूल्य

(*b*) लाभप्रदता सूचकांक ।

बेहतर विकल्प के लिए कंपनी को सलाह दीजिए ।

10% पर बट्टे के कारक 1, 2, 3, 4 और 5 वर्षों के लिए क्रमश: 0.909, 0.826, 0.751, 0.683, 0.621 हैं ।

3. (*a*) Distinguish between Operating Leverage and Financial Leverage. How can we measure them ? 7

प्रचालन लीवरेज और वित्तीय लीवरेज में अंतर बताइए । हम इन्हें कैसे माप सकते हैं ?

(*b*) From the following information, calculate EBIT, Sales, Variable Cost and Fixed Cost : 8

VC as % of Sales =	50%
Interest	₹ 20,000
DOL	3
DFL	2
Tax Rate	55%

निम्नलिखित सूचनाओं से परिकलन कीजिए EBIT, बिक्री, परिवर्ती लागत और स्थिर लागत :

VC बिक्री के % के रूप में =	50%
ब्याज	₹ 20,000
DOL	3
DFL	2
कर की दर	55%

Or

(अथवा)

(*a*) Discuss any *five* factors relevant in determining the capital structure. 7

पूँजी संरचना का निर्धारण करने में प्रासंगिक किन्हीं **पाँच** कारकों की विवेचना कीजिए ।

(*b*) There are two companies X Ltd. and Y Ltd. Both the companies have earning of 25% on their total assets worth ₹ 20,00,000. Further, X Ltd. has debt of ₹ 10,00,000 borrowed at the rate of 12%. Both the companies are subject to 50% tax rate and have capitalization rate of 15%. Calculate the value of both the firms using NI and NOI approach. 8

X लिमिटेड और Y लिमिटेड दो कंपनियाँ हैं । दोनों कंपनियों को उनकी कुल परिसंपत्ति पर, जो कि ₹ 20,00,000 है, 25% की आमदनी होती है । इसके अतिरिक्त X लिमिटेड पर ₹ 10,00,000 का ऋण है जो कि 12% की दर पर उधार लिया गया था । दोनों कंपनियों पर 50% की दर से कर लगता है और उनकी पूँजीकरण दर 15% है । NI और NOI उपागम का प्रयोग करके दोनों फर्मों के मूल्य का परिकलन कीजिए ।

4. (*a*) Briefly explain the factors influencing the dividend policy of the firm. 5

फर्म की लाभांश नीति को प्रभावित करने वाले कारकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

(*b*) The earnings of a company are ₹ 10 per share. The capitalization rate applicable to the company is 10%. If the company's return on investment is 15%, what is the optimum payout ratio using Walter formula ? What is the share price at that payout ? What will be the share price at a payout of 20%, 50% and 80% using the Walter formula ? 10

कंपनी को आमदनी ₹ 10 प्रति शेयर है । कंपनी की लागू पूँजीकरण दर 10% है । यदि कंपनी के निवेश पर प्रतिफल की दर 15% हो, तो वाल्टर सूत्र का प्रयोग करके इष्टतम पेआउट अनुपात क्या होगा ? पेआउट के समय शेयर की कीमत क्या है ? वाल्टर सूत्र का प्रयोग करके 20%, 50% और 80% पेआउट पर शेयर की कीमत क्या होगी ?

Or

(अथवा)

(*a*) What is stable dividend policy ? Explain its significance. 7

स्थिर लाभांश नीति क्या होती है ? इसके महत्व की व्याख्या कीजिए ।

(*b*) ABC Ltd. has a capital of ₹ 20,00,000 in equity shares of ₹ 100 each. The current market price of these shares is ₹ 120 each. The company proposes to declare a dividend of ₹ 10 per share at the end of current financial year. The capitalization rate for the company's risk class is 10%. Based on Modigliani-Miller approach, calculate the market price per share of the company if :

(*i*) dividend is declared

(*ii*) dividend is not declared. 8

ABC लिमिटेड के पास ₹ 20,00,000 की पूँजी है जो ₹ 100 वाले ईक्विटी शेयरों में है । इन शेयरों की चालू बाजार कीमत ₹ 120 प्रति शेयर है । कंपनी चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर ₹ 10 प्रति शेयर लाभांश घोषित करने का विचार कर रही है । कंपनी के जोखिम वर्ग की पूँजीकरण दर 10% है । मोदिग्लियानी-मिलर उपागम पर आधारित कंपनी के शेयर के बाजार मूल्य का परिकलन कीजिए, यदि :

(*i*) लाभांश घोषित कर दिया गया है

(*ii*) लाभांश घोषित नहीं किया गया है ।

5. Compute the working capital requirements from the following details : 15

Budgeted Sales : 40,000 units per annum

	₹
Raw Material cost per unit	9
Direct Labour per unit	7
Overhead per unit	3
Total cost per unit	19
Profit per unit	1
Selling Price per unit	20

Additional Information :

(*i*) Debtors are allowed 7 weeks credit

(*ii*) Suppliers provide 4 weeks credit

(*iii*) Raw materials will be carried in stock for 4 weeks and finished goods for 2 weeks

(*iv*) Factory processing will take on an average 4 weeks.

Assume labour and overhead expenses to accrue evenly throughout the production cycle.

निम्नलिखित विवरणों से कार्यशील पूँजी की आवश्यकता का अभिकलन कीजिए :

बजट बिक्री : 40,000 यूनिट प्रति वर्ष

	₹
कच्चे माल की लागत प्रति यूनिट	9
प्रत्यक्ष श्रम प्रति यूनिट	7
उपरिव्यय प्रति यूनिट	3
कुल लागत प्रति यूनिट	19
लाभ प्रति यूनिट	1
विक्रय कीमत प्रति यूनिट	20

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(*i*) देनदारों को 7 सप्ताह का क्रेडिट दिया गया है ।

(*ii*) सप्लायरों से 4 सप्ताह का क्रेडिट मिलता है ।

(*iii*) कच्चा माल स्टॉक में 4 सप्ताह के लिए और तैयार माल 2 सप्ताह के लिए भंडार में रहेगा ।

(*iv*) फैक्ट्री में प्रक्रमण पर औसतन 4 सप्ताह लगेंगे ।

मान लीजिए कि श्रम और उपरिव्यय खर्चे संपूर्ण उत्पादन चक्र के दौरान समान रूप से होंगे ।

Or

(अथवा)

Write short notes on the following :

(*i*) ABC analysis of inventory control 5

(*ii*) Float Management 5

(*iii*) Cash budget. 5

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(*i*) मालसूची नियंत्रण का ABC विश्लेषण

(*ii*) प्लव प्रबंध

(*iii*) रोकड़ बजट ।